एक्सरसाइज़ डेज़र्ट फ्लैग-10

स्रोत: पी.आई.बी.

भारत ने संयुक्त अरब अमीरात (UAE) वायु सेना द्वारा आयोजित एक प्रमुख बहुराष्ट्रीय एयर कॉम्बैट एक्सरसाइज़ (**डेज़र्ट फ्लैग-10)** में भाग लिया।

- इस अभ्यास में **ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, फ्राँस, जर्मनी, कतर, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया, तुर्किये, ब्रिटेन और अमेरिका** की वायु सेनाएँ शामिल हुईं।
- इस अभ्यास का उद्देश्य जटिल हवाई युद्ध परिदृश्यों एवं वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान के माध्यम से **अंतर-संचालन, परिचालन समन्वय और आपसी समझ** को बढ़ावा देना है।
- भारतीय वायु सेना (IAF) ने अपनी अग्रिम पंक्ति की लड़ाकू क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए **मिग-29** एवं **जगुआर विमानों** को शामिल किया।
- **संयुक्त अरब अमीरात के साथ भारत के अभ्यास: डेज़र्ट साइक्लोन** (भूमि-आधारित सैन्य अभ्यास), डेज़र्ट ईगल (द्विपक्षीय वायु सेना लड़ाकू अभ्यास), जायद तलवार (द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास) और **डेज़र्ट नाइट** (फ्राँस के साथ त्रिपक्षीय वायु सेना अभ्यास)।

और पढ़ें: भारत-संयुक्त अरब अमीरात संबंध: परंपरा से परिवर्तन तक

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/exercise-desert-flag-10